(ख) यदि हां, तो ताप तथा जल क्षेत्र से संबधित परियोजना की संख्या कितनी-कितनी थी और इन परियोजना का अधिद्वठापित विद्युत उत्पादन क्षमता कितनी थी,

(ग) क्या यह भी सच है कि इन परियोजना के निर्माण में विलम्ब के कारण इन परियोजनाओं की निर्माण लागत में अब भारी वृद्धि हो चुकी है,

(घ) यदि हां, तो प्रत्येक क्षेत्र में निर्माणधीन परियोजना की निर्माण लागत में कितनी-कितनी वृद्धि हो जाने का अनुमान है, और

(ड.) ये परियोजनाओं कब तक पूरी कर लेने का निश्चय है ?

विद्युत मंत्री (श्री रंगराजन कुमारमंगलम) : (क) से (ड.) सूचना एकत्र की जा रही है तथा सभा पटल पर रख दी जाएगी ।

विद्युत की उत्पादन लागत

1620. **श्री बलवन्त सिंह रामूवालिया :** क्या विद्युत मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि देश में वर्तमान मे ताप तथा जल क्षेत्र में विद्युत का उत्पादन किया जाता है,

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार ने उपर्युक्त प्रत्येक क्षेत्र में विद्युत उत्पादन क्षमता की उत्पादन लागत का अनुमान लगाया है,

(ग) यदि हां, तो नवीनतम आंकलन के अनुसार प्रत्येक क्षेत्र में उत्पादन लागत कितनी-कितनी है,

(घ) देश में ताप तथा जल क्षेत्र में विद्युत उत्पादन की लागत का औसत मूल्य कितना-कितना आंका गया है, और

(ड.) वर्ष 1997-98 के दौरान उपर्युक्त प्रत्येक क्षेत्र में कुल उत्पादन का कितना-कितना प्रतिशत विद्युत उत्पादन किया गया है?

विद्युत मंत्री (श्री रंगराजन कुमारमंगलम) : (क) जल विद्युत और ताप विद्युत केन्द्रों से वृहद् मात्रा में विद्युत का उत्पादन किया जाता है । इसके अतिरिक्त नाभिकीय संयत्रों और गैर-परम्परागत स्त्रोंतों के जरिए भी विद्युत का उत्पादन होता है ।

(ख) से (घ) केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण द्वारा परियोजनाओं को तकनीकी-आर्थिक स्वीकृति प्रदान करते समय भारत सरकार मानदंडों और विनियम दरों पर 12% छूट दर की दर से स्तरीयकृत टैरिफ और 68.49 संयंत्र भार अनुपात में ताप प्रस्तावों के लिए 1.98 रू./कि.वा. प्रति घंटा से 3.61 रू./ कि.वा. प्रति घंटा और जल विद्युत परियोजनाओं के लिए 1.31/कि.वा. प्रति घं. से, 3.51 रू./कि.वा. प्रति घंटा का अंतर है ।

(ड.) वर्ष 1997-98 के दौरान 420.62 बिलियन यूनिट के कुल ऊर्जा उत्पादन में से ताप विद्युत, जल विद्युत और नाभिकीय विद्युत केन्द्रों के लिए ऊर्जा का योगदान क्रमशः 336.10 बिलियन यूनिट (79.9%) 74.48 बिलियन यूनिट (17.7%) और 10.04 बिलियन यूनिट (2.4%) है ।

पूर्वी क्षेत्र में विद्युत उत्पादन

1621. **श्री बलवन्त सिंह रामूवालिया** : क्या विद्युत मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क)क्या यह मंत्री है कि देश के पूर्वी क्षेत्र में विद्युत उत्पादन उस क्षेत्र में विद्युत की मांग से अधिक है,

(ख) यदि हां, तो इस संबधं में तथ्य क्या है और विद्युत उत्पादन तथा इस क्षेत्र की विद्युत की आवश्यकता की मात्रा कितनी-कितनी होने का अनुमान है,

(ग) क्या यह सच है कि इस क्षेत्र में स्थानीय मांग को पूरा करने के पश्चात अतिरिक्त विद्युत को विद्युत की कमी वाले क्षेत्रों में पहुंचाया जा सकता है , और

(घ) यदि हां, तो वर्ष 1995-96, 1996-97 तथा 1997-98 के दौरान विद्युत की कमी वाले किन-किन क्षेत्रों में विद्युत पहुंचायी गयी और इस अवधि के दौरान उनमें वर्ष-वार कितनी-कितनी विद्युत आपूर्ति की गयी ?

विद्युत मंत्री (श्री रंगराजन कुमारमंगलम) : (क) पूर्वी क्षेत्र में विद्युत का उत्पादन मांग से अधिक है जिसे विशेषतः दिन के गैर-व्यस्ततमकालीन घंटों के दौरान पूरा किया जा सकता है ।

(ख) पूर्वी क्षेत्र में उपलब्ध अधिशेष विद्युत समय-समय पर मशीनों की उपलब्धता और मांग के आधार पर भिन्न-भिन्न होती है । क्षेत्र में बाहर 600-650 में.वा. विद्युत का निर्यात करने तथा ताप विद्युत स्टेशनों को बदं करने के पश्चात उपलब्ध अधिशेष विद्युत औसतन आधार पर लगभग 300 मे.वा. रही है । कमीं का मुख्य कारण पश्चिम बंगाल और उड़ीसा के भागों में तथा बिहार के गंगा के उत्तर में पोरषण एंव वितरण संबधी बाधाओं के कारण विद्युत की आपूर्ति न किया जाना रहा है । तथापि इसे दृष्टिगत रखते हुए पूर्वी क्षेत्र से